# भारतीय शिक्षा बोर्ड कक्षा XII

## प्रतिदर्श प्रश्न पत्र

## उद्यमिता (पेपर कोड: 177)

समय : 3 घंटे पूर्णांक : 70

सामान्य निर्देश:

(i) इस प्रश्न पत्र में कुल 34 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न पत्र को चार खंडों – खंड A, B, C तथा D में विभाजित किया गया है।

(iii) खंड A में प्रश्न संख्या 1 से 18 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।

(iv) खंड B में प्रश्न संख्या 19 से 24 तक लघु उत्तरीय प्रकार-I के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

(v) खंड C में प्रश्न संख्या 25 से 29 तक लघु उत्तरीय प्रकार-II के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है।

(vi) खंड D में प्रश्न संख्या 30 से 34 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है।

(vii) समग्र रूप से कोई विकल्प नहीं दिया गया है। तथापि, प्रश्न पत्र के खंड B, C तथा D में आंतरिक विकल्प प्रदान किए गए हैं।

| | **SECTION A** | |
|---|---|---|
| 1 | सुधांशु के पास निवेश के लिए अतिरिक्त धन राशि थी उसने दो व्यावसायिक विचारों की तुलना की। पहला एक छोटे शहर में भोजनालय था जो वार्षिक 5% प्रतिफल दे रहा था, जबकि दूसरा महानगर में क्लाउड किचन था जिससे लगभग 10% प्रतिफल और मध्यम जोखिम की संभावना थी।<br>मूल्यांकन के बाद उसने क्लाउड किचन का चयन किया।<br>उसके निर्णय को किस तत्व ने प्रभावित किया?<br>(a) विचार की व्यवहारिकता (b) भविष्य की वृद्धि की संभावना<br>(c) निवेश पर स्वीकार्य प्रतिफल दर (d) उद्यमी की क्षमता | 1 |
| 2 | उद्यमी के लिए नियोजन का महत्व इस तथ्य में निहित है कि यह_______:<br>(a) असीमित संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करता है<br>(b) अनुभव की भूमिका को समाप्त कर देता है<br>(c) स्टार्ट-अप से परिपक्वता तक पहुँचने का मार्गदर्शन देता है<br>(d) आंतरिक एवं बाह्य कारकों के विश्लेषण की आवश्यकता समाप्त करता है | 1 |
| 3 | Pure Innovations Ltd. जैविक डिटर्जेंट की नई श्रृंखला लॉन्च करने की तैयारी कर रही थी। प्रबंधन ने बढ़ती महँगाई और उच्च ब्याज दरों के प्रभाव का अध्ययन किया। साथ ही कराधान, पर्यावरण संरक्षण और श्रम सुरक्षा से संबंधित कानूनों का भी अध्ययन किया।<br>यह उदाहरण व्यवसायिक वातावरण के किन दो आयामों को दर्शाता है?<br>(a) कानूनी और सामाजिक वातावरण (b) आर्थिक और कानूनी वातावरण<br>(c) राजनीतिक और आर्थिक वातावरण (d) आर्थिक और पारिस्थितिक वातावरण | 1 |
| 4 | आरव स्मार्ट पानी की बोतलें लॉन्च करना चाहता था जो लोगों को समय-समय पर पानी पीने की याद दिलाएँ। उसने पहले उत्पाद की विशेषताओं की पहचान की, फिर डिजाइन बनाया, संसाधन जुटाए, उत्पादन कराया और अंत में बाजार में लॉन्च किया। | 1 |

नवाचार प्रक्रिया के चरणों का सही क्रम चुनिए:

(a) संसाधन संगठन → विश्लेषणात्मक योजना → क्रियान्वयन → व्यावसायिक उपयोग

(b) विश्लेषणात्मक योजना → संसाधन संगठन → क्रियान्वयन → व्यावसायिक उपयोग

(c) विश्लेषणात्मक योजना → क्रियान्वयन → संसाधन संगठन → व्यावसायिक उपयोग

(d) संसाधन संगठन → क्रियान्वयन → व्यावसायिक उपयोग → विश्लेषणात्मक योजना

---

5 | Eco Move Mobility की स्थापना भीड़भाड़ वाले शहरों में पर्यावरण-अनुकूल परिवहन समाधान प्रदान करने के उद्देश्य से की गई थी। एक रणनीतिक बैठक के दौरान संस्थापकों के बीच इस बात पर चर्चा हुई कि कंपनी प्रोफ़ाइल में कौन-सा कथन शामिल किया जाए, जो कंपनी के वर्तमान उद्देश्य तथा ग्राहकों को प्रदान किए जाने वाले मूल्य को स्पष्ट करता हो। | 1

निम्नलिखित कथनों का सुझाव दिया गया। कंपनी को अपने मिशन वक्तव्य (Mission Statement) के रूप में कौन-सा कथन चुनना चाहिए?

(a) दैनिक यात्रियों को किफायती एवं पर्यावरण-अनुकूल परिवहन समाधान प्रदान करना

(b) 2035 तक एशिया का सबसे पसंदीदा इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ब्रांड बनना

(c) तीव्र विस्तार के माध्यम से शेयरधारकों की संपत्ति बढ़ाना

(d) पाँच वर्षों में 100 शहरों में चार्जिंग स्टेशन स्थापित करना

---

6 | 4Ps का सही मिलान कीजिए: Match 4 Ps in Column (A) with Column (B) | 1

| **Column A (4 Ps)** | **Column B (Examples)** |
|---|---|
| 1. उत्पाद (Product) | (p) ग्राहकों तक उत्पाद शीघ्र पहुँचाने के लिए अनेक गोदामों, मोबाइल ऐप्स और डिलीवरी साझेदारों का उपयोग करने वाली कंपनी। |
| 2. मूल्य (Price) | (q) एक लक्ज़री स्मार्टवॉच ब्रांड अपने नवीनतम मॉडल को विशिष्ट छवि बनाने हेतु बहुत अधिक प्रारम्भिक मूल्य पर प्रस्तुत करता है। |
| 3. स्थान (Place) | (r) एक पेय पदार्थ निर्माता अपने वितरण नेटवर्क का विस्तार छोटे शहरों, सुपरमार्केटों और वेंडिंग मशीनों तक करता है। |
| 4. संवर्धन (Promotion) | (s) एक फास्ट-फूड श्रृंखला “30 मिनट के भीतर डिलीवरी” अभियान के साथ छूट कूपन भी शुरू करती है। |

a) 1-q; 2-s; 3-r; 4-p
b) 1-p; 2-q; 3-r; 4-s
c) 1-r; 2-q; 3-p; 4-s
d) 1-s; 2-p; 3-q; 4-r

---

7 | मल्टीप्लेक्स सिनेमा सप्ताहांत और समय के अनुसार अलग-अलग टिकट मूल्य लेता है। यह कौन-सी मूल्य निर्धारण विधि है? | 1

(a) परिवर्ती मूल्य निर्धारण
(b) लागत-आधारित मूल्य निर्धारण
(c) स्किमिंग मूल्य निर्धारण
(d) पैठ (penetation) मूल्य निर्धारण

| | | |
|---|---|---|
| 8 | <br>चित्र में दर्शाई गई गतिविधि व्यवसाय संगठन द्वारा लोगों में अनुकूल छवि बनाने के लिए किस विधि का उदाहरण है?<br>(a) विज्ञापन (b) विक्रय संवर्धन<br>(c) जनसंपर्क (d) व्यक्तिगत विक्रय<br>दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों के लिए:<br>एक कंपनी एक व्यापार मेले का आयोजन करती है, जहाँ वह अपने नवीनतम उत्पादों की श्रृंखला प्रदर्शित करने के लिए आकर्षक स्टॉल लगाती है। विक्रय संवर्धन गतिविधियों के वर्गीकरण के अनुसार, यह किसका उदाहरण है?<br>**(a)** उपभोक्ता संवर्धन **(b)** व्यावसायिक संवर्धन<br>**(c)** व्यापार संवर्धन **(d)** विक्रय बल संवर्धन | 1 |
| 9 | निम्नलिखित कथनों: अभिकथन (A) तथा कारण (R) का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें। नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन करें:<br>अभिकथन (A): Backflip acquisition में अधिग्रहण करने वाली कंपनी अधिग्रहित कंपनी की सहायक कंपनी बन जाती है।<br>कारण (R): इसमें पूरी प्रक्रिया बलपूर्वक की जाती है।<br>विकल्प:<br>A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।<br>B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।<br>C) अभिकथन (A) सत्य है, परंतु कारण (R) असत्य है।<br>D) अभिकथन (A) असत्य है, परंतु कारण (R) सत्य है। | 1 |
| 10 | निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें:<br>कथन 1: आंतरिक विस्तार से एक ही फर्म अपनी पूँजी और उत्पादन क्षमता बढ़ाती है।<br>कथन 2: बाह्य विस्तार में दो या अधिक फर्में मिलकर बड़ी इकाई बनाती हैं।<br>उपरोक्त कथनों के आलोक में सही विकल्प का चयन करें:<br>A) कथन 1 सत्य है तथा कथन 2 असत्य है।<br>B) कथन 1 असत्य है तथा कथन 2 सत्य है। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।<br>D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं। | |
| 11 | Fresh Bite Bakers की वार्षिक स्थिर लागत ₹2,40,000 है। एक केक बॉक्स का विक्रय मूल्य ₹400 है, जबकि प्रति बॉक्स परिवर्ती लागत ₹250 है। व्यवसाय के स्वामी ने अपनी टीम को बताया कि वर्तमान में व्यवसाय उस स्तर पर कार्य कर रहा है जहाँ कुल आय (Total Revenue) ठीक कुल लागत (Total Cost) के बराबर है।<br>इस अवस्था में व्यवसाय को निम्न में से किस स्थिति में कार्यरत कहा जाता है?<br>(a) सुरक्षा मार्जिन (b) सम-विच्छेद बिंदु<br>(c) नकद लाभ स्थिति (d) लाभ अधिकतमकरण स्तर | 1 |
| 12 | फ्रेंचाइज़ी समझौते का वह भाग जिसमें व्यवसाय संचालन हेतु विस्तृत निर्देश होते हैं, कहलाता है:<br>(a) संचालन पुस्तिका (b) अनुबंध विवरण<br>(c) स्वामित्व कथन (d) निरंतर साइट रखरखाव | 1 |
| 13 | Aarav Electronics Ltd. अपनी अल्पकालीन वित्तीय स्थिति की समीक्षा कर रही है। कंपनी की बैलेंस शीट में निम्नलिखित मदें दी गई हैं:<br>• नकद शेष : ₹25,000<br>• प्राप्ति बिल (Bills Receivable) : ₹45,000<br>• कच्चे माल का स्टॉक : ₹35,000<br>• पूर्वभुगतान बीमा (Prepaid Insurance) : ₹15,000<br>• फर्नीचर एवं फिटिंग्स : ₹90,000<br>• डिबेंचर : ₹30,000<br>• अल्पकालीन निवेश : ₹20,000<br>उपरोक्त जानकारी के आधार पर कंपनी की सकल कार्यशील पूँजी (Gross Working Capital) की गणना कीजिए।<br>(a) ₹1,25,000 (b) ₹1,40,000 (c) ₹1,55,000 (d) ₹1,50,000 | 1 |
| 14 | Zenith Foods Ltd. ने विस्तार के लिए अतिरिक्त पूँजी जुटाने की योजना बनाई। सामान्य जनता को आमंत्रित करने के स्थान पर, कंपनी ने नए शेयर केवल अपने वर्तमान शेयरधारकों को उनकी वर्तमान हिस्सेदारी के अनुपात में प्रस्तावित किए। जिन शेयरधारकों की रुचि शेयर खरीदने में नहीं थी, उन्हें अपने शेयर खरीदने के अधिकार को किसी अन्य व्यक्ति को हस्तांतरित करने की अनुमति भी दी गई।<br>Zenith Foods Ltd. द्वारा अपनाई गई प्रतिभूतियों के किस प्रकार की निर्गम विधि कहलाती है:<br>यह किस प्रकार का निर्गम है?<br>(a) सार्वजनिक निर्गम (b) अधिकार निर्गम (c) निजी नियोजन<br>(d) कर्मचारियों को प्रस्ताव | 1 |
| 15 | Nova Retailers Ltd. ने वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पहले ₹2 लाख मूल्य के इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदे। यद्यपि ये वस्तुएँ अभी गोदाम में प्राप्त नहीं हुई थीं, फिर भी उनका स्वामित्व कंपनी को हस्तांतरित हो चुका था। उसी अवधि में कंपनी ने ₹1.5 लाख मूल्य की वस्तुएँ बेच दी थीं, परन्तु वे अभी भी ग्राहकों को भेजे जाने की प्रतीक्षा में गोदाम में रखी थीं। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | स्टॉक अभिलेख तैयार करते समय लेखाकार ने खरीदी गई लेकिन अभी प्राप्त न हुई वस्तुओं को स्टॉक में शामिल किया, जबकि बेची गई परन्तु अभी वितरित न हुई वस्तुओं को स्टॉक से बाहर रखा।<br>लेखाकार का यह व्यवहार इस सिद्धांत पर आधारित है कि स्टॉक में शामिल होती हैं:<br>(a) केवल वे वस्तुएँ जो भौतिक रूप से गोदाम में उपस्थित हों।<br>(b) वे वस्तुएँ जिनका स्वामित्व व्यवसाय के पास हो, चाहे वे कहीं भी स्थित हों।<br>(c) व्यवसाय परिसर में संग्रहित सभी वस्तुएँ।<br>(d) केवल वे वस्तुएँ जो खरीदी और प्राप्त की जा चुकी हों। | |
| 16 | Aarav Auto Parts Ltd. ऑटोमोबाइल के लिए इंजन के पुर्जे बनाती है। त्योहारों के मौसम में बढ़ती माँग के कारण उत्पादन प्रबंधक निर्माण में प्रयुक्त विशेष स्टील घटक के स्टॉक पर लगातार निगरानी रखता है। कंपनी प्रतिदिन इस घटक की 250 इकाइयों का उपयोग करती है तथा आपूर्तिकर्ता को नया माल पहुँचाने में सामान्यतः 12 दिन लगते हैं। उत्पादन में बाधा से बचने के लिए प्रबंधक स्टॉक समाप्त होने से पहले नया ऑर्डर देने का निर्णय लेता है।<br>कंपनी को किस स्टॉक स्तर पर नया ऑर्डर देना चाहिए?<br>(a) 2,000 इकाइयाँ (b) 2,500 इकाइयाँ (c) 3,000 इकाइयाँ<br>(d) 3,500 इकाइयाँ | 1 |
| 17 | Sarthak Energy Ltd. को अपनी नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना के विस्तार के लिए भारी धनराशि की आवश्यकता थी। वहीं दूसरी ओर, अर्थव्यवस्था में अनेक निवेशकों के पास निवेश हेतु अतिरिक्त धन उपलब्ध था। पूँजी बाजार के माध्यम से यह अतिरिक्त धन उस कंपनी तक पहुँचाया गया जिसे वित्त की आवश्यकता थी।<br>उपरोक्त स्थिति पूँजी बाजार की किस भूमिका को दर्शाती है?<br>(a) एक वित्तीय मध्यस्थ (b) विदेशी व्यापार का माध्यम<br>(c) स्टॉक एक्सचेंज का नियामक (d) अल्पकालीन ऋण प्रदान करने वाला माध्यम | 1 |
| 18 | अदिति एक जैविक स्किनकेयर उद्यम प्रारंभ करने की योजना बना रही थी। व्यवसाय प्रारम्भ करने से पहले उसने मशीनरी खरीदने, बाजार सर्वेक्षण करने, उत्पाद विकसित करने, कर्मचारियों को वेतन देने तथा आकस्मिक व्यावसायिक खर्चों को पूरा करने के लिए धन की व्यवस्था की। उसके मार्गदर्शक ने समझाया कि पर्याप्त वित्त के बिना इनमें से कोई भी कार्य प्रभावी ढंग से नहीं किया जा सकता।<br>उपरोक्त उदाहरण यह दर्शाता है कि वित्तः<br>(a) केवल स्थायी परिसंपत्तियों की खरीद के लिए आवश्यक होता है।<br>(b) उत्पादन प्रारम्भ होने के बाद ही महत्वपूर्ण बनता है।<br>(c) केवल व्यवसाय के विस्तार में उपयोगी होता है।<br>(d) व्यवसाय के संचालन एवं विकास का आधार होता है। | 1 |
| | **SECTION B** | |
| 19 **A** | उल्लेख करें कि, क्यों व्यापारिक व्यवसाय का नकद रूपांतरण चक्र विनिर्माण व्यवसाय से पृथक क्यों होता है? | 2 |
| | अथवा | |

| | | |
|---|---|---|
| 19**B** | एक खुदरा विक्रेता प्रतिवर्ष किसी उत्पाद की 10,000 इकाइयाँ खरीदता है। एक आदेश देने की लागत ₹40 है तथा प्रति इकाई प्रति वर्ष भंडारण लागत ₹5 है। आर्थिक आदेश मात्रा (EOQ) की गणना कीजिए। | 2 |
| 20 | रितिका ने देखा कि उसके क्षेत्र और आसपास के कई कार्यालय कर्मचारियों तथा कॉलेज विद्यार्थियों को ऑनलाइन भोजन मँगाना पसंद था, परंतु वे अक्सर डिलीवरी में देरी, रेस्तरां के ऊँचे मूल्य तथा स्वच्छ घरेलू भोजन की कमी की शिकायत करते थे। इस कमी को पहचानते हुए उसने एक क्लाउड किचन शुरू करने का निर्णय लिया, जो विशेष रूप से ऑनलाइन डिलीवरी प्लेटफॉर्म के लिए किफायती भोजन तैयार करेगा।<br>उस उद्यमशील अवधारणा की पहचान कीजिए जिसने रितिका को अपने व्यवसाय की कल्पना करने में सहायता की। इसके दो उद्देश्य बताइए। | 2 |
| 21**A** | 'बिजनेस फ्रेंचाइज़ अवसर उपक्रम' तथा 'बिजनेस फॉर्मेट फ्रेंचाइज़ अवसर' में अंतर स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| | OR | |
| 21**B** | फ्रेंचाइज़ी व्यवसाय प्रणाली में फ्रेंचाइज़ीधारकों को पैमाने की अर्थव्यवस्थाओं तथा सामूहिक विज्ञापन से किस प्रकार लाभ प्राप्त होता है? | 2 |
| 22 | इको ग्लो प्राइवेट लिमिटेड ने अत्यधिक प्रतिस्पर्धी स्किनकेयर बाजार में एक नया हर्बल फेस क्रीम लॉन्च किया। विज्ञापन को प्रभावी विज्ञापन निर्माण के सिद्धांतों के आधार पर तैयार किया गया। सबसे पहले आकर्षक दृश्य और प्रभावशाली नारे के माध्यम से दर्शकों का तुरंत ध्यान आकर्षित किया गया। इसके बाद विशिष्ट प्राकृतिक अवयवों को उजागर कर जिज्ञासा उत्पन्न की गई, फिर उत्पाद को आज़माने की प्रबल इच्छा पैदा की गई और अंत में खरीद को प्रोत्साहित करने हेतु सीमित अवधि का छूट कूपन प्रदान किया गया।<br>विज्ञापन द्वारा उत्पन्न ग्राहक प्रतिक्रियाओं के क्रम की पहचान कीजिए। | 2 |
| 23 | नियो टेक इनोवेशन्स, एक नवस्थापित कंपनी, ने अपने संचालन का विस्तार करने का निर्णय लिया। दीर्घकालिक वित्त जुटाने के लिए उसने प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से जनता को शेयर जारी किए और एक सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी बन गई। कंपनी ने निवेशकों को प्रतिभूतियाँ जारी करने हेतु सभी आवश्यक कानूनी औपचारिकताओं का पालन किया।<br>पहचान कीजिए :<br>(i) कंपनी द्वारा अपनाई गई वित्त जुटाने की विधि<br>(ii) वह बाजार जहाँ इस प्रकार की धनराशि जुटाई जाती है। | 2 |
| 24 | व्यवसाय योजना उद्यमी के लिए एक प्रभावी निर्णय-निर्माण उपकरण के रूप में किस प्रकार कार्य करती है? मूल्यांकन कीजिए। | 2 |
| | **SECTION C** | |
| 25 **A** | राघव अपने शहर में जैविक फलों के रस का व्यवसाय शुरू करने की योजना बना रहा है। उत्पाद लॉन्च करने से पहले वह स्वास्थ्य के प्रति जागरूक उपभोक्ताओं की पसंद का अध्ययन करता है, बाजार में उपलब्ध जूस ब्रांडों की संख्या की जाँच करता है तथा प्रतिस्पर्धियों की तुलना में उत्पादन एवं परिवहन लागत का विश्लेषण करता है।<br>व्यवसाय प्रारंभ करने से पहले राघव द्वारा विचार किए गए बाजार मूल्यांकन के तीन कारकों की पहचान कर उनकी व्याख्या कीजिए। | 3 |

| | | |
|---|---|---|
| | **OR** | |
| 25 **B** | एक उद्यमी किसी नए व्यावसायिक विचार के बारे में बिना सक्रिय रूप से कार्य किए अवचेतन रूप से लगातार सोचता रहता है, जिससे अंतिम निर्णय लेने से पहले विचार और संभावित समाधान पृष्ठभूमि में विकसित होते रहते हैं। सृजनात्मक प्रक्रिया के इस चरण की पहचान कीजिए तथा उद्यमी के लिए इसके महत्व का विश्लेषण कीजिए। साथ ही सृजनात्मक प्रक्रिया में इसके अगले चरण की भी व्याख्या कीजिए। | 3 |
| 26 **A** | कुछ सीमाओं के बावजूद, एकल स्वामित्व छोटे उद्यमियों के बीच व्यवसाय संगठन के एक लोकप्रिय रूप के रूप में बना हुआ है। दिए गए कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए। | 3 |
| | OR | |
| 26 **B** | निम्नलिखित आधारों पर निजी कंपनी (Private Company) और सार्वजनिक कंपनी (Public Company) में अंतर स्पष्ट कीजिएः<br>(a) न्यूनतम सदस्यता (b) शेयरों का हस्तांतरण (c) जनता को आमंत्रण | 3 |
| 27 | आरव एक छोटी बेकरी चलाता है और नए खाद्य रुझानों की पहचान करना चाहता है। वह ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से व्यापार संघों के कार्यक्रमों में भाग लेता है, सोशल नेटवर्किंग वेबसाइटों पर समूहों से जुड़ता है तथा मंचों (फोरम्स) पर लोगों से बातचीत करता है ताकि यह जान सके कि लोग किन विषयों को लेकर उत्साहित हैं। वह अपने ग्राहकों एवं संभावित ग्राहकों से सोशल मीडिया और ऑनलाइन सर्वेक्षणों के माध्यम से संवाद करता है, ताकि यह समझ सके कि वे क्या सोच रहे हैं, क्या खरीद रहे हैं, क्या पसंद कर रहे हैं और क्या कर रहे हैं।<br>इसके अतिरिक्त, वह रेटिंग और समीक्षा वेबसाइटों पर भी नज़र रखता है ताकि यह जान सके कि लोग उसके प्रतिस्पर्धियों के बारे में क्या कह रहे हैं।<br>(a) उस trend spotting (रुझान पहचानने की विधि) की पहचान कीजिए जिसका उपयोग आरव कर रहा है। अपने उत्तर के समर्थन में केसलेट की पंक्तियाँ उद्धृत कीजिए।<br>(b) रुझानों की पहचान करने की कोई अन्य उपयुक्त विधि सुझाइए, जो इस परिस्थिति में आरव के लिए उपयोगी हो सकती है, तथा उसका संक्षिप्त वर्णन कीजिए। | 3 |
| 28 | मेघा और उसकी टीम ने पर्यावरण-अनुकूल पैकेजिंग का एक स्टार्ट-अप शुरू किया है। उन्हें अपने व्यावसायिक विचार को एक वेंचर कैपिटल फर्म के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए चुना गया है। निवेशक उनसे स्लाइड्स, दृश्य सामग्री (visuals) और प्रभावशाली मौखिक प्रस्तुति के साथ एक पेशेवर प्रस्तुति की अपेक्षा कर रहे हैं। मेघा जानती है कि निवेशक ऐसी आकर्षक प्रस्तुति चाहते हैं जो उन्हें बाद में विस्तृत व्यवसाय योजना देखने के लिए प्रेरित करे।<br>(a) उस व्यवसाय योजना प्रस्तुति के प्रारूप की पहचान कीजिए तथा उसका वर्णन कीजिए, जिसका उपयोग मेघा को इस परिस्थिति में करना चाहिए।<br>(b) व्यवसाय योजना प्रस्तुति के उस प्रारूप का नाम बताइए जिसका उपयोग मेघा executive summary की झलक (teaser) प्रस्तुत करने के लिए कर सकती है। | 3 |
| 29 | कबीर ने देखा कि उसके क्षेत्र के अनेक छोटे दुकानदार बिक्री अभिलेखों का प्रबंधन करने, ग्राहकों के भुगतानों का हिसाब रखने तथा खातों को मैन्युअल रूप से बनाए रखने में कठिनाइयों का सामना कर रहे थे। डिजिटल लेन-देन पर बढ़ती निर्भरता को समझते हुए, उसने बहीखाता एवं भुगतान ट्रैकिंग के लिए | 3 |

| | | |
|---|---|---|
| | एक सरल मोबाइल एप्लिकेशन विकसित करने का विचार प्रस्तुत किया। आय अर्जित करने के लिए उसने इस एप्लिकेशन के माध्यम से प्रीमियम सुविधाएँ तथा सदस्यता-आधारित सेवाएँ प्रदान करने की भी योजना बनाई।<br>उस विचार क्षेत्र (Idea Field) की पहचान कीजिए जिसने कबीर को प्रेरित किया। साथ ही स्पष्ट कीजिए कि ऐसे विचार क्षेत्र उद्यमियों को व्यावसायिक अवसरों की पहचान करने में किस प्रकार सहायता करते हैं। | |
| | **SECTION D** | |
| 30 **A** | “वेंचर कैपिटल नवाचारी स्टार्ट-अप्स तथा तीव्र वृद्धि करने वाले उद्यमों के लिए वित्त का एक महत्वपूर्ण स्रोत बनकर उभरा है।”<br>वेंचर कैपिटल की अवधारणा का विश्लेषण कीजिए। इसके अर्थ एवं प्रमुख विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। साथ ही यह भी स्पष्ट कीजिए कि वेंचर कैपिटल, ऋण पूँजी (Loan Capital) तथा ऋण वित्तपोषण (Debt Financing) से किस प्रकार भिन्न है। | 5 |
| | OR | |
| 30 **B** | ‘एंजेल’ शब्द, जो परंपरागत रूप से नाट्य गतिविधियों को समर्थन देने वाले व्यक्तियों से जुड़ा था, अब निवेश के एक मान्यता प्राप्त रूप के रूप में विकसित हो चुका है।<br>एंजेल निवेशक (Angel Investors) कौन होते हैं? उद्यम स्थापना (Enterprise Creation) में उनकी भूमिका का विश्लेषण कीजिए। | 5 |
| 31 **A** | विलय (Mergers) एवं अधिग्रहण (Acquisitions) द्वारा बाह्य विस्तार के कोई पाँच कारण स्पष्ट कीजिए। | 5 |
| | OR | |
| 31 **B** | उद्यम वृद्धि रणनीति (Enterprise Growth Strategy) के रूप में ‘विलय’ (Merger) की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए। साथ ही ‘विलय’ (Merger) और ‘अधिग्रहण’ (Acquisition) के बीच एक अंतर बताइए। | 5 |
| 32 | राघव के दो व्यवसाय हैं। एक व्यवसाय में वह “Shiny Home” ब्रांड नाम से स्टील के बर्तन बनाता है, जिनका डिज़ाइन और मूल्य प्रत्येक ग्राहक के लिए समान होता है। दूसरे व्यवसाय में वह ‘Craft Nest Interiors’ नाम से एक फर्नीचर कार्यशाला चलाता है, जहाँ प्रत्येक फर्नीचर ग्राहक की पसंद और आवश्यकताओं के अनुसार तैयार किया जाता है।<br><br>राघव इस बात को लेकर भ्रमित है कि दोनों प्रकार के उत्पादों के लिए कौन-से वितरण चैनलों को अपनाया जाए।<br><br>1. राघव द्वारा बेचे जा रहे उत्पादों के प्रकार की पहचान कीजिए।<br>2. उसकी कार्यशाला में बनाए जा रहे फर्नीचर तथा राघव द्वारा निर्मित बर्तनों के लिए सबसे उपयुक्त वितरण चैनल सुझाइए।<br>3. उत्पाद से संबंधित कोई दो ऐसे विचार (considerations) बताइए जो राघव को वितरण चैनल निर्धारित करने में सहायता करेंगे। | <br><br><br><br><br><br><br>1<br>2<br>2 |
| 33 | एक स्टार्ट-अप, Urban Sip Café, तीन उत्पाद — कॉफी, सैंडविच और पेस्ट्री — बेचता है। प्रबंधन ने निम्नलिखित बिक्री मिश्रण (Sales Mix) तथा प्रति इकाई अंशदान (Contribution per Unit) का अनुमान लगाया हैः | |

| उत्पाद | बिक्री मिश्रण अनुपात | प्रति इकाई अंशदान |
|---|---|---|
| कॉफी | 5 | ₹20 |
| सैंडविच | 3 | ₹30 |
| पेस्ट्री | 2 | ₹25 |

कैफ़े की कुल स्थिर लागत ₹3,60,000 प्रति वर्ष है।

उपरोक्त जानकारी के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिएः

1. भारित औसत अंशदान (Weighted Average Contribution) की गणना कीजिए। 2
2. सम-विच्छेद बिंदु (Break-Even Point) इकाइयों में ज्ञात कीजिए। 1½
3. सम-विच्छेद बिंदु प्राप्त करने के लिए प्रत्येक उत्पाद की कितनी इकाइयाँ बेची जानी चाहिए, यह ज्ञात कीजिए। 1½

34 तीन युवा उद्यमियों, विराट, रोहित व कुलदीप ने विद्यालय और कार्यालय जाने वाले उपभोक्ताओं के लिए स्वास्थ्यवर्धक स्नैक्स बनाने हेतु ‘Nutri Bite Foods’ नामक एक उद्यम शुरू किया। व्यवसाय प्रारम्भ करने से पहले उन्होंने उद्यम को सही दिशा देने तथा उसके सुचारु संचालन को सुनिश्चित करने के लिए एक विस्तृत व्यवसाय योजना तैयार की। इस योजना में उन्होंने व्यवसाय का संक्षिप्त विवरण तथा उसके भविष्य के दृष्टिकोण को शामिल किया। उन्होंने ग्राहकों की पसंद, बाजार की माँग तथा प्रतिस्पर्धी ब्रांडों को समझने के लिए शोध भी किया। उद्यमियों ने आने वाले वर्षों में अपेक्षित लाभ के साथ-साथ व्यवसाय के लिए आवश्यक पूँजी का अनुमान लगाया। अपने उत्पादों के प्रचार के लिए उन्होंने डिजिटल प्लेटफॉर्मों के माध्यम से विज्ञापन अभियानों तथा छूट प्रस्तावों की योजना बनाई। उन्होंने स्नैक्स के उत्पादन लक्ष्य तथा निर्माण विधियों का भी निर्धारण किया। इसके अतिरिक्त, दैनिक कार्यों के कुशल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए कार्यप्रवाह, भंडारण सुविधाओं तथा गुणवत्ता नियंत्रण प्रणालियों की व्यवस्था भी की गई। 5

उपरोक्त पंक्तियों का उल्लेख करते हुए व्यवसाय योजना (Business Plan) के उन घटकों की पहचान कीजिए जिनका संदर्भ इस उदाहरण में दिया गया है। (कोई पाँच)